घरमें सोता ही रह गया परिवार लाखोंके जेवर-नकदी लेकर फरार

अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर चारों ने की वारदात

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के दुर्गागंज मोहल्ले में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवर और ३० हजार रुपये नकद पार कर दिये। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

दुर्गागंज निवासी दिलीप मौर्य पुत्र स्व. धर्मराज मौर्य नगर पंचायत लालगोपालगंज में आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। बताया गया कि गुरुवार रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गये। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस गये और अलमारी एवं बक्से का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर तथा नकदी लेकर फरार हो गये। सुबह अलमारी टूटी और सामान बिखरा देखकर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गयी। पीड़ित ने डायल ११२ पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने और आरोपितों के खिलाफ काररवाई की मांग की है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही घटना से जुड़े सुराग जुटा रही है।



लालगोपालगंज नगर पंचायत कार्यालय में महत्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते अधिशासी अधिकारी।

लालगोपालगंज में धूमधाम से मनी गांधी जयंती

नगर पंचायत कार्यालय में गांधी और शास्त्री को किया गया नमन

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी गयी। अधिशासी अधिकारी पद्मजा मिश्रा ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कर्मचारियों को अहिंसा और शांति की प्रतिज्ञा दिलाई।

अधिशासी अधिकारी ने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा, सादा जीवन और सर्वधर्म समभाव के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कर्मचारियों से नैतिकता, मितव्ययिता और भाईचारे के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को याद करते हुए जवानों और किसानों के योगदान को रेखांकित किया।

इस दौरान कृष्ण कुमार, कैलाश यादव, अमृतलाल मौर्या, अमृतलाल सरोज, अनिल निर्मल, संजय मौर्या, देवराज मौर्या, आरिज अंसारी सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। कस्बे के अन्य राजकीय भवनों और स्थानीय पुलिस चौकी में भी गांधी जयंती मनायी गयी।

गांधी-शास्त्री जयंती पर पुलिसकर्मियों ने लिया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली परिसर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रगान गाया और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह ने गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान-जय किसान' के संदेश को याद किया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर गांधी जी के विचारों पर गोष्ठी आयोजित की गयी। पुलिसकर्मियों ने सत्य, अहिंसा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश एवं समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पुलिसकर्मियों को मिठाई वितरित की गयी। इस दौरान उपनिरीक्षक, महिला पुलिसकर्मी और कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



इफको घियानगर फूलपुर इकाई में स्वच्छता रैली निकालते लोग।

सामूहिक दुराचार की पीड़िता का नहीं लगा सुराग, पुलिस तलाश में जुटी

एक माह पहले नवाबगंज थाने में भी दर्ज हुई थी दुराचार की प्राथमिकी

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र में सामूहिक दुराचार का आरोप लगाने वाली युवती पुलिस को बयान और वीडियोग्राफी देने के बाद थाने से निकलकर लापता हो गयी। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जांच में सामने आया है कि युवती करीब एक माह पहले नवाबगंज थाने में भी दुराचार की प्राथमिकी दर्ज करा चुकी है।

युवती ने बुधवार को मऊआइमा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि करीब एक सप्ताह पहले चार युवक मोबाइल दिलाने के बहाने उसे कार से ले गये थे। आरोप है कि मऊआइमा-कलंदरपुर मार्ग स्थित एक कमरे में चारों ने उसके साथ सामूहिक दुराचार किया। युवती ने एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की जानकारी मिलने की बात भी कही।

तहरीर मिलने के बाद महिला कांस्टेबल ने युवती का बयान दर्ज कर वीडियोग्राफी करायी। मेडिकल जांच के लिए ले जाने की तैयारी के दौरान वह थाने से निकल गई, जिसके बाद उसका पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार तहरीर में दिया गया मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति का मिला है और युवती द्वारा बताया गया गांव का पता भी सत्यापित नहीं हो सका है। परिजनों के अनुसार युवती नवाबगंज क्षेत्र की रहने वाली है और मऊआइमा में अपनी बुजुर्ग नानी की देखभाल करती है। परिजनों ने बताया कि फिलहाल वह एक सहेली के साथ है और घर नहीं रहना चाहती। नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज अवस्थी ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर २९ अगस्त को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इसमें एक युवक पर युवती को ले जाकर दुराचार करने तथा उसके परिजनों पर धमकी देने का आरोप लगाया गया था। आरोपी फरार है। मऊआइमा प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों की सेवा का लिया संकल्प

कोरांव (प्रयागराज)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनायी गयी। अधीक्षक डा. केबी सिंह ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और ध्वजारोहण किया। स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए डा. सिंह ने कहा कि गांधी और शास्त्री सेवा को सर्वोच्च मानते थे। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से मरीजों की पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डा. धर्मेंद्र सिंह, सुशील कुमार पांडेय, दुर्गेश, सुरेंद्र चौधरी सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

चित्रों में विद्यार्थियों ने दिखायी विकसित भारत की परिकल्पना

'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता में सौम्या मौर्या को मिला प्रथम स्थान

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के पूर्वनाई में सेवा संकल्प अभियान के तहत अर्चना गर्ल्स डिग्री कालेज में 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित की गयी। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से विकसित भारत, स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और देश के विकास की अपनी कल्पना प्रस्तुत की।चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और रचनात्मकता के जरिए विकसित भारत की तस्वीर उकेरी। प्रतियोगिता में सौम्या मौर्य ने प्रथम, नंदिनी मौर्य ने द्वितीय और नीलम वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक विजय नाथ मौर्य ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजय शंकर मौर्य, कमलकांत चंचल, सुनील कुमार मौर्य, धर्मेंद्र कुमार यादव, गुलाब चंद यादव, प्रेमचंद मौर्य, रमेश यादव, आरती मौर्य, अनिल यादव, लाल साहब बिंद, वीरेंद्र कुमार बिंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता जागरूकताके संदेश के साथ निकाली रैली

इफको घियानगर फूलपुर इकाई में सफाई अभियान और पौधरोपण हुआ

फूलपुर (प्रयागराज)। इफको घियानगर फूलपुर में 'स्वच्छ भारत, विकसित भारत' की भावना के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख पीके सिंह के नेतृत्व में निकली रैली में कर्मचारी हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर स्वच्छता के संदेश और जागरूकता नारे लगाते हुए शामिल हुए।इफको घियानगर कालोनी में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया। वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी को स्वच्छता अभियान में निरंतर भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने वर्षभर संयंत्र और कालोनी को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये।

मानव संसाधन विभागाध्यक्ष मानवक संसाधन शंभू शेखर ने बताया कि इफको फूलपुर इकाई में १७ सितंबर से दो अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता शपथ, कार्यालयों में पुराने रिकार्ड की सफाई, कैंटीन कर्मचारियों को स्वच्छता प्रशिक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक कचरे के प्रति जागरूकता अभियान, केंद्रीय विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम, रैली और पौधारोपण सहित विभिन्न गतिविधियां हुईं। रैली का समन्वय अनिल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सरिता सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके पटेल, एके गुप्ता, अरुण कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक आरपी यादव, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, महिलाएं और बच्चे शामिल रहे।



प्राथमिक विद्यालय जमीरा में वन्यजीव संरक्षण की शपथ लेते बच्चे।

बच्चों ने ली वन्यजीव संरक्षण की शपथ

प्राथमिक विद्यालय जमीरा में जागरूकता कार्यक्रम प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति प्रेम का दिया संदेश

बरगढ़ (चित्रकूट)। गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बरगढ़ रेंज के प्राथमिक विद्यालय जमीरा में वन प्राणी सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति, जंगल और वन्यजीवों के प्रति प्रेम तथा उनके संरक्षण की भावना विकसित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों और वन विभाग की टीम ने बच्चों को पारिस्थितिकी तंत्र में वन्यजीवों की भूमिका और वन संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। बच्चों को वन्यजीवों की सुरक्षा और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा संरक्षण की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी आशीष कुमार शुक्ला, वनरक्षक राजकुमार यादव सहित वन विभाग के कर्मचारी और विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

परानू बाबा आश्रम पहुंचे डीएम, झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए दो करोड़ के विकास कार्यों की दी जानकारी

बरगढ़ (चित्रकूट)। जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को कलचिहा के जंगलों के बीच स्थित परानू बाबा आश्रम पहुंचकर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर से देवकुंड तक करीब ५०० मीटर पैदल चलकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान भी किया।

मरी माता के पुजारी घनश्याम ने देवकुंड की महत्ता के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डीएम ने परानू बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा हनुमान मंदिर और मरी माता मंदिर में दर्शन किए।डीएम ने बताया कि आश्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धर्मशाला, शौचालय सहित अन्य विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इसके लिए पर्यटन विभाग से करीब २ करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने मेला परिसर में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान रानीपुर टाइगर रिजर्व के निदेशक प्रत्यूष कुमार कटियार, एसडीओ राजीव रंजन सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी, एसडीएम मऊ राम ऋषि रमन, बीडीओ संजय पांडेय सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। डीएम करीब एक घंटे तक आश्रम और मेला परिसर में रहे।



परानू बाबा आश्रम में झाड़ू लगाकर श्रमदान करते डीएम एवं अन्य।

पांड़र ग्राम पंचायत में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बारा (प्रयागराज)। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्तूबर को ग्राम पंचायत पांड़र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनूप त्रिपाठी की ओर से पौधारोपण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल के लिए जागरूक किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। कार्यक्रम में सत्येंद्र द्विवेदी, अखिल त्रिपाठी, शिखम त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी, निलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को 'वृक्ष लगाएं, पर्यावरण बचाएं और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित बनाएं' का संदेश दिया गया।

६४ हजार विद्यार्थियों में चमका झूंसी का प्रभात

सेंट्रल एकेडमी के कक्षा १० के छात्र ने इंडियन जीनियस चैलेंज में बनाई जगह, नवंबर में आईआईटी दिल्ली में फाइनल राउंड में लेगा हिस्सा

झूंसी (प्रयागराज)। आवास विकास कालोनी योजना-३, सेक्टर-१ स्थित सेंट्रल एकेडमी के कक्षा १० के छात्र प्रभात सिंह ने अखिल भारतीय स्तर की इंडियन जीनियस चैलेंज प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर विद्यालय और झूंसी का नाम रोशन किया है। देशभर के करीब ६ हजार विद्यालयों के ६४ हजार विद्यार्थियों की भागीदारी वाली प्रतियोगिता में प्रभात ने चयनित ५०० विद्यार्थियों में जगह बनाई है।

प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में प्रदर्शन के बाद प्रभात का चयन नवंबर में आईआईटी दिल्ली में होने वाले अंतिम राउंड के लिए हुआ है। उसकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

शिक्षकों ने इसे उसकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम बताया। विद्यालय के निदेशक एसके तिवारी और प्रधानाचार्य एके पांडेय सहित शिक्षकों ने प्रभात को बधाई देते हुए अंतिम चरण में सफलता की शुभकामना दी। प्रबंधन ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के लिए लगातार प्रोत्साहित करता है।



इंडियन जीनियस चैलेंज में चयनित छात्र प्रभात सिंह।

करछना क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनी गांधी-शास्त्री जयंती सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में ध्वजारोहण कर महापुरुषों को किया गया नमन

पचदेवरा (प्रयागराज)। करछना क्षेत्र में २ अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। विभिन्न सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ दोनों महापुरुषों के चित्र एवं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

करछना तहसील में एसडीएम संदीप तिवारी ने ध्वजारोहण कर गांधी और शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। करछना थाने में एसीपी कुंजलता ने ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

विकासखंड कार्यालय में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी और खंड विकास अधिकारी अमित कुमार ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को भी नमन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में अधीक्षक डा. वाईपी सिंह ने ध्वजारोहण कर चिकित्साकर्मियों को सेवा और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

नेहरू ग्राम भारती में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम

भजन और विचार गोष्ठीके जरिये महापुरुषों के जीवन एवं योगदान को किया याद

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अर्जुन सिंह हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. बीबी तिवारी, प्रतिकुलपति डा. एससी तिवारी और कुलसचिव एसएस मिश्रा सहित शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

संगीत विभाग के सहायक आचार्य सिद्धार्थ मिश्रा के निर्देशन में भजन प्रस्तुत किये गये। 'वैष्णव जन तो तेने कहिए', 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो' और 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजनों से कार्यक्रम का वातावरण गांधीजी के सत्य, अहिंसा, प्रेम और सर्वधर्म समभाव के संदेश से ओतप्रोत रहा। कुलपति प्रो. बीबी तिवारी ने गांधी और शास्त्री के सादगी, सत्यनिष्ठा, अनुशासन, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। प्रतिकुलपति डा. एससी तिवारी ने दोनों महापुरुषों के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। डा. राघवेंद्र मालवीय, डा. आदिनाथ और डा. आलोक मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. आरसी त्रिपाठी ने गांधीवादी विचारों की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डा. श्रवण मिश्रा ने किया। कुलसचिव एसएस मिश्रा ने आभार जताया। इसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वच्छ परिसर और स्वच्छ समाज के प्रति प्रतिबद्धता जतायी।



नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते लोग।

गांधी-शास्त्री के साथ मसूरियादीन पासी के योगदान को किया याद

जीबी पंत संस्थान में व्याख्यान, परिचर्चा और हेरिटेज वाक, सहयोगी कर्मचारियों का सम्मान

झूंसी (प्रयागराज)। गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और स्वतंत्रता सेनानी मसूरियादीन पासी की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। इंटैक और रोटरी क्लब प्रयागराज के सहयोग से व्याख्यान, परिचर्चा और हेरिटेज वाक के साथ संस्थान के सहयोगी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

आडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर सिंह रहे। अध्यक्षता प्रो. हरिकेश सिंह ने की। निदेशक प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। दया शंकर सिंह ने प्रयागराज के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए गांधी के प्रयागराज से जुड़ाव, शास्त्री की शिक्षा तथा मसूरियादीन पासी के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया।

इंटैक प्रयागराज के अध्यक्ष शंभु चोपड़ा ने विरासत संरक्षण पर विचार रखे। इसके बाद गंगा गैलरी में हेरिटेज वाक हुई, जिसमें गंगा की विशेषताओं और बैक्टीरियोफेज की जानकारी दी गयी।

प्रो. रामपाल गंगवार ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा पर विचार रखे। कार्यक्रम में संस्थान के माली, सफाईकर्मी, प्लंबर और इलेक्ट्रीशियन को सम्मानित किया गया। डा. सुभाष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया और संचालन डा. रेवा सिंह ने किया। समापन अनिंद्य नारायण सिंह की वंदे मातरम् प्रस्तुति से हुआ।



जीबी पंत संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

हनुमान मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

बरगढ़ (चित्रकूट)। सेवा, सुशासन एवं लोक कल्याण कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत तुरगवा के देवरिहा स्थित प्रसिद्ध श्री हनुमानजी महाराज मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में भाजपा नेता श्याम नारायण शुक्ला सहित स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह, विनीत शुक्ल, पप्पू पाल, सुनील मिश्र, राजेंद्र सिंह पटेल, ग्राम प्रधान तुरगवा राजेंद्र पाल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सहभागिता की। इस दौरान लोगों ने सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में गांधी-शास्त्री जयंती पर किया नमन

चित्रों पर माल्यार्पण कर बताये सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्श

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र में शुक्रवार को सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। इस दौरान दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। वक्ताओं ने उनके आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

विकास खंड कार्यालय में बीडीओ सुभाष चंद्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी सहित कर्मचारियों ने माल्यार्पण किया। नगर पंचायत मऊआइमा में चेयरमैन शोएब अंसारी, अधिशासी अधिकारी मीनाक्षी चतुर्वेदी और कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों को नमन किया।

इंपीरियल स्कूल आफ एक्सीलेंस में निदेशक नूरुद्दीन सैफी और प्रधानाचार्य ई. विल्सन सहित शिक्षकों ने माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर गांधी और शास्त्री के जीवन एवं विचारों को याद किया। घीमपुर स्थित जामिया मिलिया इंटर कालेज में प्रधानाचार्य एस. सिद्दीकी, उपप्रबंधक हाजी मोहम्मद अकरम सहित शिक्षकों और कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी। मऊआइमा थाना परिसर में भी प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा सहित पुलिसकर्मियों ने गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस दौरान एसएसआई बालेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक कुंवर गौरव सिंह, डा. आलोक सिंह, उपनिरीक्षक आकांक्षा मिश्रा सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के सामने अवैध बसें चलाने का आरोप

गैंगस्टर सहित सात पर मुकदमा, नैनी पुलिस ने शुरू की जांच

नैनी (प्रयागराज)। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के तहत संचालित बसों के सामने अवैध रूप से बसें चलाकर सवारियां उतारने और स्टाफ से मारपीट एवं धमकी देने के आरोप में नैनी पुलिस ने गैंगस्टर सहित सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। काररवाई दारागंज निवासी बस संचालक विभा शुक्ला की तहरीर पर हुई।तहरीर में आरोप है कि प्रमोद कुमार तिवारी, संदीप तिवारी, कुलदीप तिवारी, रोहित तिवारी सहित अन्य आरोपी करीब पांच महीने से उनकी बसों के आगे-पीछे अवैध बसें चला रहे थे। आरोप है कि उनकी बसों से सवारियां उतारकर दूसरी बसों में बैठाई जाती थीं और स्टाफ के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की जाती थी। आरोप है कि सुबह करीब ८:३० बजे संदीप तिवारी ने बस चालक राजेश को फोन पर धमकी दी। इसके बाद करीब १०:२० बजे बेथनी कान्वेंट स्कूल के पास प्रमोद कुमार तिवारी, त्रिभुवन सिंह और राम प्रकाश यादव उर्फ छोटकऊ ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ बस रोककर सवारियां उतार लीं। कंडक्टर के साथ मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।तहरीर में प्रमोद कुमार तिवारी को औद्योगिक क्षेत्र थाने का गैंगस्टर बताया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३३९)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।